### एक नजर में

## पीएचई विभाग की कार्यशाला में 44 ग्राम पंचायतों को एफटीके किट का किया वितरण



**मंदसौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा जनपद पंचायत भानपुरा में विकासखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित कर 44 ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) वितरित की गई।कार्यक्रम में पीएचई विभाग के सहायक यंत्री प्रशांत सोनी, जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता एवं उपयंत्री नेहा जायसवाल की उपस्थिति में पंचायत सचिवों को किट प्रदान की गई। जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में जनसहभागिता की भूमिका बताई।कार्यशाला में पीएमयू सलाहकार अंकित ठाकुर ने एफटीके किट के उपयोग का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इसके माध्यम से पानी के पीएच, फ्लोराइड, क्लोराइड, अमोनिया, नाइट्रेट, हार्डनेस, टर्बिडिटी, फ्री क्लोरीन, आयरन एवं एल्केलिनिटी सहित 10 प्रकार के परीक्षण ग्राम स्तर पर किए जा सकते हैं।साथ ही एच-टू-एस वायल के माध्यम से बैक्टीरिया परीक्षण की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पंचायत सचिवों को जल स्रोतों की स्वच्छता, नियमित क्लोरीनेशन, जल संरक्षण एवं संवर्धन, सुरक्षित पेयजल भंडारण, दूषित जल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम तथा जल प्रदाय योजनाओं में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

## सक्षम स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया



**मंदसौर।** दिव्यांगजन सेवा एवं सशक्तिकरण के लिए कार्यरत संस्था सक्षम का स्थापना दिवस जिले की लाइफ लाइन, प्रसिद्ध गायनेकोलॉजिस्ट समाजसेवी सक्षम संस्था की पालक डॉ. कमला जैन के सौजन्य से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में 50 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें 35 दिव्यांगजन शामिल रहे। कार्यक्रम में सक्षम जिला अध्यक्ष निवेदिता नाहर, उपाध्यक्ष सुनीता गोधा, सचिव अनिल राठौर, कोषाध्यक्ष दीपक मोहनिया, अस्थिबाधित प्रकोष्ठ प्रभारी निलेश माली सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक जी मोहनिया ने किया। इस अवसर पर डॉ. कमला जैन ने सक्षम संगठन की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी, जबकि डॉ. रविन्द्र पांडे ने सक्षम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में हरीश खिंचावत ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान दिव्यांगजनों का पौधे भेंट कर सम्मान किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों का पौधे भेंटकर सम्मान किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं सेवा कार्यों को आगे बाने का संकल्प लिया।

## आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला

**मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा आपातकाल की विभीषिका के 51 वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय पर लोकतंत्र सेनानियों ( मीसाबंदी ) एवं उनके परिजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री कैलाश चावला रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने की।**




कार्यक्रम में मीसाबंदी सुरेन्द्रसिंह खेजड़िया, हंसराज कबाड़ी, गोपाल पटवा तथा मीसाबंदी परिवार से चन्द्रशेखर तिवारी सहित अन्य जनों का सम्मान किया गया। प्रारंभ में पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में कैलाश चावला ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लगाकर नागरिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार था तथा मीसाबंदियों और उनके परिवारों ने इसकी विभीषिका को सहन किया। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल राठौर, भोपालसिंह सिसौदिया, निहालचंद मालवीय, जिलामहामंत्री शिवराजसिंह राणा, महेश जूनवाल, जिला उपाध्यक्ष सुनिल जैन सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनिल जैन तथा आभार प्रदर्शन राजेश नामदेव ने किया।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष सिंह ने किया 30 घंटे दौरा

▸ **सत्ता एवं भाजपा के मुकाबले के लिये कांग्रेस को युद्ध स्तर पर उतरना होगा**

**मंदसौर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने मंदसौर संसदीय क्षेत्र में लगभग तीस घण्टे दौरा किया। कार्यकर्ता-नेताओं के साथ समय बिताकर संदेश दिया कि 25 वर्ष की प्रदेश में सत्ता एवं भाजपा के मुकाबले के लिए कांग्रेस को युद्ध स्तर पर उतना होगा।

सिंह के दौरे से जावरा से लेकर नीमच तक कांग्रेसजनों में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ। वे दर्जनों नेताओं के घर पहुंचे। वैसे 93 वर्षीय पूर्व विधायक रामगोपाल भारतीय, 81 वर्षीय त्रिदेव पाटीदार जो पूर्व श्रममंत्री श्यामसुंदर पाटीदार के पुत्र, 81 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार इस अंचल के सबसे पुराने समाचार पत्र दैनिक ध्वज के प्रधान सम्पादक सुरेन्द्र लोढ़ा से मिले एवं उनसे कुशलक्षेम पूछी सबको अच्छा लगा। वरिष्ठ नेता के सम्मान में स्नेहभोजन भी रखा गया। कांग्रेस को इस अंतर को पाटना होगा।राहुल भैया के कांग्रेस कार्यकर्ता जन सम्पर्क में उनके पिताश्री पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व राज्यपाल, पूर्व राष्टीय उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह का स्मण सहज भाव से हो गया जिन्होंने पूर्व श्रममंत्री श्यामसुंदर पाटीदार, पूर्व गृहमंत्री भारतसिंह जावरा एवं बाद में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने दिग्विजयसिंह सहित अन्य नेताओं के सहयोग से भाजपा बनाम जनसंघ जनता पार्टी के गढ़ में सेंध लगाकर वीरेन्द्रकुमार सखलेचा, सुंदरलाल पटवा जो एक समय मुख्यमंत्री बने थे, कांग्रेस को मजबूत किया था। अजयसिंह ने प्रदेश के लगभग 39 जिलों में दौरा कर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं से संपर्क किया।

## वास्तु विशेषज्ञ देंगे सेमिनार में पॉजिटीव एनर्जी और विज्ञान के बारे में जानकारी

**मंदसौर।** जीतो लेडीज विंग मंदसौर द्वारा एक विशेष प्रीमियम सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में प्रसिद्ध वास्तु ऊर्जा विशेषज्ञ, न्यूमरोलॉजिस्ट एवं डेस्टिनी एनालिस्ट डॉ. अमरेश मेहता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

जीतो लेडीज विंग चेयरपर्सन अमिषी कीमती, सेक्रेट्री दिव्या चोरड़िया एवं ट्रेजरार पूजा गांधी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सामंजस्य एवं सफलता के लिए वास्तु एवं ऊर्जा विज्ञान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान करना है। डॉ. अमरेश मेहता विश्व के 60 से अधिक देशों में वास्तु ऊर्जा डायनेमिक्स ऑडिट एवं परामर्श के लिए अपनी विशेष पहचान रखते हैं।

उन्होंने अनेक उद्योगों, व्यावसायिक संस्थानों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों के लिए ऊर्जा आधारित परामर्श सेवाएं प्रदान की हैं। प्रोजेक्ट चेयरपर्सन हेतल जैन, चहेती गांधी, अपरा तलेरा एवं सलोनी पोरवाल ने बताया कि यह सेमिनार 26 जून 2026, शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम, मंदसौर में शाम 7.30 बजे से 9.30 बजे तक आयोजित होगा। जीतो लेडीज विंग ने अधिक से अधिक लोगों से इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

## वरिष्ठ पत्रकार अशोक झलोया को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

▸ **समाज सेवा और पत्रकारिता में योगदान का हुआ सम्मान**

मंदसौर। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, नई दिल्ली द्वारा महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक झलोया को समाज के प्रति उनके दीर्घकालीन समर्पण, उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं तथा जीवनभर समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



गौरतलब है कि अशोक झलोया पिछले छह माह से अस्वस्थता के कारण पुणे एवं मुंबई (महाराष्ट्र) में उपचाररत थे। इसी कारण वे हाल ही में आयोजित अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक एवं जिला सम्मेलन में उपस्थित नहीं हो सके थे, जहां उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाना प्रस्तावित था। स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर मंदसौर लौटने के बाद महासभा के पदाधिकारियों ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सत्यनारायण शर्मा, जिला अध्यक्ष अनिल तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुधीर शर्मा, शिक्षाविद् देवेंद्र अडावदिया, जांगिड ब्राह्मण सुथार पंचायत चंद्रपुर ट्रस्ट के सचिव चंद्रशेखर तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगीलाल झटावा, कोषाध्यक्ष रणछोड़ हंसवार, ट्रस्टी अंकित झलोया तथा अंगीरा-ऋषि शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन झलोया सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने श्री झलोया को महासभा की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थितजनों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। उल्लेखनीय है कि अशोक झलोया ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने के साथ-साथ समाज सेवा के विभिन्न आयामों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने गौवंश को घास खिलाकर मनाया काशवी का जन्मदिन

**मंदसौर।** जीव दया और सेवा की पुरातन परंपरा को आगे ब?ाते हुए सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ मंदसौर के तत्वावधान में एक अनुकरणीय पहल करते हुए श्रीमती प्रेमलता मिंडा की पोती काशवी मिंडा के जन्मदिवस पर पुराने बस स्टैंड स्थित श्री गोपालकृष्ण गौशाला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




उपस्थितजनों ने गौवंश को हरा चारा खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया और नन्ही काशवी के दीर्घायु व सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली मेहता ने कहा कि जैन संस्कृति में जीव दया को सबसे ब?ा धर्म माना गया है। हम अक्सर अपने बच्चों के जन्मदिन पाश्चात्य संस्कृति के अनुरूप होटलों या घरों में त?क-भ?क के साथ मनाते हैं, लेकिन वास्तविक आनंद और संस्कार ऐसे सेवा कार्यों से ही मिलते हैं। मिंडा परिवार ने अपनी पोती के जन्मदिन पर गौ माता की सेवा का जो संकल्प लिया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है। हमें अपनी खुशियों के अवसरों पर इस तरह के सेवा प्रकल्पों को निरंतर ब?ावा देना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं के बीच एक मनोरंजक लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया। जिसकी विजेता पूर्व महामंत्री शशि मारू रहीं। इस दौरान मुख्य रूप से महामंत्री विनाली मेहता, पूर्व महामंत्री शशि मारू, हेमा हिंग?, मंत्री नीमा जैन, अलका जैन, कोषाध्यक्ष प्रीति नगरीवाला, सह मंत्री तृप्ति अग्रवाल, सोनम गांधी, किरण जैन और सदस्य श्रुति पाल्रेचा सहित समाज की अनेक महिलाएं शामिल हुईं।

# नीमच

### एक नजर में

## 4 जुलाई को नीमच आ सकते हैं गृह मंत्री अमित शाह, सीआरपीएफ कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नीमच।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 4 जुलाई को नीमच दौरे पर आ सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगे। गृह मंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियों में हलचल तेज हो गई है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्री के साथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अभी तक गृह मंत्रालय, मुख्यमंत्री कार्यालय या जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।यदि यह दौरा तय होता है तो हाल के वर्षों में नीमच में होने वाले सबसे महत्वपूर्ण वीवीआईपी दौरों में से एक माना जाएगा। गृह मंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए सुरक्षा और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



## एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**नीमच।** मध्य प्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन (एमपीपीए) जिला नीमच द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) की अनियमित कार्यप्रणाली के विरोध में माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन आज दिया गया। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सक्सेना ने कहा एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मुख्यमंत्रीजी से मांग की है कि प्रदेश के हजारों फार्मासिस्टों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए फार्मेसी काउंसिल की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच के लिए समिति गठित की जाए, नए एवं नवीनीकरण रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को लोक सेवा गारंटी की तर्ज पर निश्चित समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से संचालित किया जाए तथा फार्मेसी काउंसिल में नियमानुसार शीघ्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी फार्मासिस्ट का पंजीयन अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और प्रदेश के फार्मासिस्टों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ज्ञापन का वाचन करके डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह जी धार्वे को दिया गया। इस अवसर डॉ हेमंत अग्रवाल, सचिन गेहलोद आदि मौजूद रहे। उपरोक्त जानकारी एसोसिएशन के मोहसिन मंसूरी ने दी।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून तक

▸ **पहले दिन बूथ पर, दूसरे-तीसरे दिन घर-घर पिलाई जाएगी दवा**

**नीमच।** देश व प्रदेश के साथ जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने हेतु राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन जिले में 28 से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। पहले दिन 28 जून को समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोलियो बूथ पर पोलियों खुराक पिलाई जावेगी। दूसरे व तीसरे दिन 29-30 जून को बूथ पर छूटे बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने बताया, कि एक भी बच्चा छूटने पर सुरक्षा चक्र टूट सकता है। विभागीय चिकित्सकों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जन अभियान परिषद आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। विकासखण्ड स्तर पर एसडीएम के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। अभियान के तहत 5 वर्ष तक के 1,03,707 बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। जिले में कुल 802 दल, 18 ट्रांजिट दल, 21 मोबाइल दल गठित किए गये है। ट्रांजिट व मोबाइल दल रेल्वे स्टेशन, ईंट भट्टा क्षेत्र व सुदूर अंचलों में दवा पिलाएंगे।

अभियान के सुपरविजन के लिए 107 सुपरवाइजर तैनात किए गये है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. रितेश बजाज ने कर्मचारियों को हाई रिस्क एरिया, कंस्ट्रक्शन साइट, ईंट भट्टा व शहरी सघन बस्तियों हेतु विशेष कार्ययोजना के संबंध में प्रशिक्षण दिया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने समस्त अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर पोलियो खुराक अवश्य पिलाएं।

## सीटीसी नीमच में बड़ा हादसा प्रमोशनल कोर्स के दौरान सीआरपीएफ जवान की मौत

**नीमच।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय (सीटीसी) नीमच में प्रमोशनल कोर्स के लिए आए एक जवान की गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद सीटीसी परिसर में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक जवान की पहचान श्याम बिहारी पिता परशुराम पांडे (43) निवासी जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वे सीआरपीएफ में हवलदार पद पर पदस्थ थे और सहायक उप निरीक्षक (जीडी) पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित प्रमोशनल कोर्स में शामिल होने 22 जून को सीटीसी नीमच पहुंचे थे।जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे प्रशिक्षण गतिविधियों के बाद श्याम बिहारी ग्राउंड से अपने आवासीय कक्ष की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक चक्कर आया और वे जमीन पर गिर पड़े।साथी जवान और अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा तत्काल उन्हें सीआरपीएफ अस्पताल ले जाया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नीमच दौरे पर आएंगे 29 जून को

▸ **नीमच, जावद और रामपुरा में होंगे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम, प्रशासन अलर्ट**

**नीमच।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 जून को नीमच जिले के दौरे पर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री इस दौरान नीमच, जावद के सिंगोली और मनासा विधानसभा क्षेत्र के रामपुरा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा अधिकारियों की बैठकों का दौर भी तेज हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह दौरा राजनीतिक और विकासात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रस्तावित कार्यक्रमों में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमिपूजन, जनप्रतिनिधियों से मुलाकात तथा आमजन को संबोधित करने जैसे आयोजन शामिल हो सकते हैं। हालांकि अंतिम कार्यक्रम और समय-सारणी की आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है।आगमन को लेकर कलेक्टर कार्यालय, पुलिस विभाग और संबंधित प्रशासनिक अमले को आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, कार्यक्रम स्थलों की व्यवस्थाएं तथा जनसभा स्थलों का निरीक्षण भी शुरू कर दिया गया है।



## अवैध खनिज परिवहन पर दो पर जुर्माना

▸ **कुल 2 लाख से अधिक का जुर्माना अधिरोपित**

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा खनिज के अवैध परिवहन के दो अलग-अलग प्रकरणों में वाहन मालिकों पर कुल 2 लाख 61 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

प्रकरण क्रमांक 0051/ अ-67/2026-27: में पारित आदेशानुसार पुलिस थाना जावद द्वारा जप्त डम्पर क्रमांक एमपी 14 जेडजे 0238 में बिना रॉयल्टी गिट्टी का अवैध परिवहन पाए जाने पर वाहन मालिक आशीष पिता अनिल गुप्ता निवासी सुवाखेडा पर 228800 रूपये की शास्ति लगाई गई। इसमें रॉयल्टी का 15 गुना 28800 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 200000 रूपये शामिल है।प्रकरण में पारित आदेशानुसार ग्राम जावद तहसील नीमच में गिट्टी के परिवहन पर वाहन मालिक हेमराज पिता हरचंद जटिया निवासी नई आबादी नयागांव पर 32200 रूपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें रॉयल्टी का 15 गुना 7200 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25000 रूपये शामिल है।इन प्रकरणों में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। कलेक्टर द्वारा खनि अधिकारी को निर्देशित किया गया है, कि अधिरोपित जुर्माना राशि 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने की पुष्टि पर ही जप्तशुदा वाहन मुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

### एक नजर
### ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त कर कलेक्टर को दिया धन्यवाद

## हनुमंत्या व्यास में ग्रामीणों की पेयजल समस्या का किया निराकरण

**नीमच।** विकासखण्ड नीमच के अंतर्गत ग्राम हनुमंत्या व्यास, ग्राम पंचायत भाटखेडा के ग्रामीणों द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था न होने एवं चौकीदार-सरपंच द्वारा पानी बेचने की शिकायत कलेक्टर नीमच के समक्ष 19 जून 2026 को प्रस्तुत की गई थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर टी.एल.में कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड नीमच को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री व मैदानी अमले ने ग्राम का मौका निरीक्षण व ग्रामीणों से संवाद किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के श्री दीपेश वास्पत ने बताया, कि निरीक्षण में पाया गया कि, शासकीय कुआं से चौकीदार व नलचालक द्वारा रोड निर्माण ठेकेदार को पानी दिया जा रहा था। उन्हें निर्देशित किया गया, कि कुआं का पानी केवल पेयजल हेतु उपयोग हो। भविष्य में ऐसा पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही होगी।

नलजल योजना का विद्युत ट्रांसफार्मर जलने व मोटर पंप खराब होने से पेयजल समस्या उत्पन्न हुई थी। विद्युत विभाग से समन्वय कर, नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया तथा ग्राम पंचायत द्वारा मोटर पंप का सुधार कर पुन: स्थापित किया गया। पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चालू होने पर ग्रामवासियों ने संतुष्टि जाहिर करते हुए कलेक्टर नीमच को धन्यवाद दिया है।